>

Title: Situation arising out of the killing of eleven persons and burning down of many houses in a maoistic attack in Jamui Parliamentary Constituency, Bihar.

श्री भूदेव चौधरी (जमुई): सभापति महोदय, आपने मुझे बोलने का समय दिया, इसके लिए मैं आपका आभार व्यक्त करता हूं।

महोदय, मैं आपकी अनुमति से अविलंबनीय अतिमहत्वपूर्ण लोक महत्व के विषय पर सरकार का ध्यान आकृष्ट करना चाहता हूं। दिनांक 17.2.2010 की रात बिहार राज्य के जमुई जिले के अंतर्गत, जो कि मेरा लोक सभा क्षेत्र है, सिकंदरा प्रखण्ड कौरासी गांव में हथियारों से लैस करीब 150 नक्सलवादियों ने धावा बोलकर एक दर्जन गरीब ग्रामीणों की बर्बरतापूर्वक हत्या कर दी और काफी संख्या में लोग घायल भी हुए। करीब 50 घरों में आग लगा दी गई। इस घटना से ग्रामीण काफी भयभीत हैं और वहां से भय के कारण पलायन कर रहे हैं। भय एवं आतंक का माहौल पूरे इलाके में है। इस घटना को घटित हुए आज 17 दिन हो गए हैं, लेकिन अभी तक केन्द्र सरकार द्वारा इस जघन्य घटना में मारे गए गरीबों और किसानों के परिवारों को कोई सहायता नहीं दी गई है। लोग निराशा में डूबे हुए हैं। जानकारी यह भी है कि इस प्रकार के अपराध से निबटने के लिए केन्द्र सरकार द्वारा राज्य सरकार को मदद प्राप्त नहीं हो सकी है। इस प्रकार की घटना की पुनरावृति रोकने के लिए राज्य सरकार को पर्याप्त मात्रा में अर्द्धसैनिक बल एवं अतिरिक्त धनराशि उपलब्ध कराए जाने की आवश्यकता है।

महोदय, मैं समझता हूं कि ऐसी घटनाएं इस क्षेत्र में यातायात की समुचित व्यवस्था के अभाव में घटित हो रही हैं। यह बहुत ही पिछड़ा क्षेत्र है और आवागमन का कोई साधन नहीं है। अतः आपके माध्यम से केन्द्र सरकार से मैं यह मांग करता हूं कि इस पिछड़े क्षेत्र में लछुआर गांव की मुख्य सड़क से कौरासी होते हुए बड़ी बाग गिद्धेश्वर बीहड़ तक प्रधानमंत्री ग्रामीण सड़क योजना के अंतर्गत सड़क निर्माण और जैन स्थान जो जंगलों में है, वहां तक सड़क निर्माण कराया जाए।

सभापति महोदय, मैं आपको अवगत कराना चाहता हूं कि जिस गांव में घटना घटित हुई थी, उससे केवल दो किलोमीटर की दूरी पर एक प्रसिद्ध जैन मंदिर है जहां देश-विदेश के लोग आते हैं। मैं आपके माध्यम से मांग करता हूं कि वहां आवागमन की सुविधा उपलब्ध कराई जाए। वहां जो निर्दोषों, गरीबों और किसानों की हत्या हुई है, उन्हें सरकारी सहायता भी उपलब्ध कराने की कृपा की जाए। समय देने के लिए आपका बहुत-बहुत धन्यवाद।